पंजाब केसरी 29-03-2025

जी.एम.एन. कॉलेज में फाइनैंशियल लिटरेसी पर वैबीनार आयोजित

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कैरियर एंड गाइडैंस सैल, लोक प्रशासन विभाग और एन.ई.पी. कमेटी ,ने एक्सिलैंस ग्लोबल स्किल्स एवं सैबी के संयुक्त तत्वावधान में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन कैरियर गाइडेंस ऑन फाइनैंशियल लिटरेसी पर एक दिवसीय वैबीनार का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान रिसोर्स पर्सन अनुया देशपांडे ने बेहद सरल शब्दों में विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के बारे में अवगत करवाया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में फाइनैंशियल लिटरेसी पर आयोजित वैबीनार को संबोधित करती रिसोर्स पर्सन।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस वैबीनार के माध्यम से वह आशा करते हैं कि छात्रों को वित्तीय संबंधित कैरियर की सही जानकारी मिलेगी और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. के.के. पूनिया ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनथक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस वैबीनार में 60 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर करियर एवं गाइडैंस सैल कमेटी की सदस्य डॉ. अनुराधा, उपेंद्र कौर एवं डॉ. नेहा अग्रवाल सहित डॉ. गीता कौशिक, डॉ. भारती सुजान व डॉ. दिशा आदि उपस्थित रहे।